# 'फाइनेंस लैब बढ़ाएगी अकादमिक उत्कृष्टता'

जागरण संवाददाता, रांची : आइआइएम रांची का फाइनेंस लैब अनुभवात्मक शिक्षण, बहुविषयक शिक्षा और अनुसंधान आधारित अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देगी। फाइनेंस लैब का उद्देश्य सिद्धांत और व्यवहार के बीच की दूरी को कम करना, रोजगार-क्षमता को सुदृढ़ करना और उद्योग एवं नीति संस्थानों के साथ सार्थक सहभागिता को बढ़ावा देना है। फाइनेंस लैब को आइआइएम रांची के कान्हू ब्लाक के द्वितीय तल पर वैश्विक स्तर के फाइनेंसियल डेटाबेस और विश्लेषणात्मक साफ्टवेयर के साथ तैयार किया गया है, जहां ब्लूमबर्ग, एलएसईजी (रिफिनिटिव), सीएमआइई प्रावेस, स्टाटा, मैक्सक्यूडीए, पाइथन सहित अन्य का प्रशिक्षण दिया जाएगा। लैब में 12 ब्लूमबर्ग टर्मिनल एवं 20 आल इन वन टर्मिनल स्थापित किए गए हैं, जो प्रतिभागियों को व्यावहारिक दक्षता से परिपूर्ण करेंगे। उक्त जानकारी आइआइएम रांची के निदेशक प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने कहा आइआइएम रांची में स्थापित फाइनेंस लैब हैंड्स आन लर्निंग, उच्च गुणवत्ता वाले अकादमिक एवं नीति अनुसंधान और वास्तविक वित्तीय निर्णय निर्माण को विकसित करने में सहयोग करेगी। यह सुविधा कार्पोरेट फाइनेंस, निवेश, बैंकिंग, कैपिटल मार्केट, ईएसजी विश्लेषण, विलय एवं अधिग्रहण, वित्तीय विश्लेषण और सार्वजनिक नीति जैसे प्रमुख क्षेत्रों में उपयोगी सिद्ध होगी। इसका उद्देश्य अकादमिक के साथ-साथ व्यावहारिक कौशल को बढ़ाना है, ताकि छात्रों की उद्योग व रोजगार क्षमता में वृद्धि हो सके।



फाइनेंस लैब में जानकारी प्राप्त करते हुए विद्यार्थी • जागरण

## अन्वेषण को सशक्त मंच प्रदान करेगी यह लैब

निदेशक ने कहा कि फाइनेंस लैब छात्रों और शोधकर्ताओं के लिए वास्तविक वित्तीय डेटा और विश्लेषणात्मक उपकरण मुहैया कराएगी, जो निरंतर सीखने, अन्वेषण करने और भविष्य के लिए विकसित होने का सशक्त मंच प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि संस्थान बहुविषयक शिक्षण प्रक्रिया को प्रमुखता देती है।

Dainik Jagran_05.01.2026_P. 4